| 22 | बिल्यु बास रामपुरा | 1.गोपी पुत्र मोहरसिंह हि 1/49 जाति नायक निवासी बिल्यु बास रामपुरा खातेदार 2. दलीप पुत्र चिमनाराम हि. 1/7 जाति नायक निवासी बिल्यु बास रामपुरा खातेदार 3. धर्मपाल पुत्र चिमनाराम हि. 1/7 जाति नायक निवासी बिल्यु बास रामपुरा खातेदार 4. बनवारी पुत्र चिमनाराम हि. 1/7 जाति नायक निवासी बिल्यु बास रामपुरा खातेदार 5. भंवरलाल पुत्र चिमनाराम हि. 1/7 जाति नायक निवासी बिल्यु बास रामपुरा खातेदार 6. मेनका पुत्री मोहरसिंह हि 1/49 जाति नायक निवासी बिल्यु बास रामपुरा खातेदार 7. रेशमी पत्नी मोहरसिंह हि 1/49 जाति नायक निवासी बिल्यु बास रामपुरा खातेदार 8. रोहिताश पुत्र मोहरसिंह हि 1/49 जाति नायक निवासी बिल्यु बास रामपुरा खातेदार 9. शारदा पुत्री मोहरसिंह हि 1/49 जाति नायक निवासी बिल्यु बास रामपुरा खातेदार 10. संतलाल पुत्र चिमनाराम हि. 1/7 जाति नायक निवासी बिल्यु बास रामपुरा खातेदार 11. सुभाष पुत्र मोहरसिंह हि 1/49 जाति नायक निवासी बिल्यु बास रामपुरा खातेदार 12.सावित्री पुत्री मोहरसिंह हि 1/49 जाति नायक निवासी बिल्यु बास रामपुरा खातेदार 13 .हड़मान पुत्र चिमनाराम हि. 1/7 जाति नायक निवासी बिल्यु बास रामपुरा खातेदार | 684/383 | बा.प्रथम | 4.45 | 0.77 | 3.68 | 17 | 12 | 3 | 1 | 14 | 11 | |
| 23 | बिल्यु बास रामपुरा | 1. आदुराम पूत्र बेगाराम हि. 1/3 जाति मेघवाल निवासी बिल्यु बास रामपुरा खातेदार राह्नि हि.1/3 (पूर्ण खाता) सैंट्रल बैंक आॅफ इण्डिया शाखा सरदारशहर 2. ओमप्रकाश पूत्र बेगाराम हि. 1/3 जाति मेघवाल निवासी बिल्यु बास रामपुरा खातेदार राह्नि हि.1/3 (पूर्ण खाता) सैंट्रल बैंक आॅफ इण्डिया शाखा सरदारशहर 3. गीता पत्नी बेगाराम हि. 1/3 जाति मेघवाल निवासी बिल्यु बास रामपुरा खातेदार राह्नि हि.1/3 (पूर्ण खाता) सैंट्रल बैंक आॅफ इण्डिया शाखा सरदारशहर | 344 | बा.द्वितीय | 4.55 | 1.6 | 2.95 | 17 | 20 | 6 | 7 | 11 | 13 | 1 टयूबवेल |
| 24 | बिल्यु बास रामपुरा | कृष्ण पुत्र पिथाराम हि. पूर्ण जाति नायक बिल्यु बास रामपुरा खातेदार राह्नि हि. (पूर्ण खाता) स्टैट बैंक आॅफ बीकानेर एण्ड जयपुर शाखा सरदारशहर | 347 | बा.प्रथम | 5.4 | 0.02 | 5.38 | 21 | 7 | 0 | 2 | 21 | 5 | |
| 25 | बिल्यु बास रामपुरा | 1. उदाराम पुत्र फलाराम हि. 1/6 जाति नायक निवासी बिल्यु बास रामपुरा खातेदार राह्नि हि. 1/6 (पूर्ण खाता) एचडीएफसी बैंक लिमिटेड शाखा सरदारशहर 2. गीतादेवी पत्नी फलाराम हि. 1/6 जाति नायक निवासी बिल्यु बास रामपुरा खातेदार राह्नि हि. 1/6 (पूर्ण खाता) एचडीएफसी बैंक लिमिटेड शाखा सरदारशहर 3.दयाराम पुत्र फलाराम हि. 1/6 जाति नायक निवासी बिल्यु बास रामपुरा खातेदार राह्नि हि. 1/6 (पूर्ण खाता) एचडीएफसी बैंक लिमिटेड शाखा सरदारशहर 4.बलदेेव पुत्र फलाराम हि. 1/6 जाति नायक निवासी बिल्यु बास रामपुरा खातेदार राह्नि हि. 1/6 (पूर्ण खाता) एचडीएफसी बैंक लिमिटेड शाखा सरदारशहर 5. विजयपाल पुत्र श्योचन्द हि. 1/12 जाति नायक निवासी बिल्यु बास रामपुरा खातेदार 6. सुमन पुत्री श्योचन्द हि. 1/12 जाति नायक निवासी बिल्यु बास रामपुरा खातेदार 7. हेमराज पुत्र फलाराम हि. 1/6 जाति नायक निवासी बिल्यु बास रामपुरा खातेदार | 352 | बा.प्रथम | 11.8 | 4.27 | 7.51 | 46 | 11 | 16 | 18 | 29 | 14 | 1 मकान |
| 26 | बिल्यु बास रामपुरा | 1. गोरा पत्नी हरजीराम हि. 1/2 जाति जाट निवासी बिल्यु बास रामपुरा खातेदार राह्नि हि.1/2 (पूर्ण खाता) बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रिय ग्रमीण बैंक शाखा शिमला 2.भादरराम पुत्र रेड़ाराम हि.1/2 जाति जाट निवासी बिल्यु बास रामपुरा खातेदार | 353 | बा.प्रथम | 7.39 | 0.14 | 7.25 | 29 | 4 | 0 | 11 | 28 | 13 | |
| 27 | बिल्यु बास रामपुरा | आसूराम पुत्र नानूराम हि. पूर्ण जाति जाट निवासी बिल्यु बास रामपुरा खातेदार | 355 | बा.प्रथम | 9.89 | 3.53 | 6.36 | 39 | 2 | 13 | 19 | 25 | 3 | |
| 28 | बिल्यु बास रामपुरा | 1. ईमीलाल पुत्र सुरताराम हि. 1/4 जाति जाट निवासी बिल्यु बास रामपुरा खातेदार राह्नि हि.1/4 (पूर्ण खाता) बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रिय ग्रमीण बैंक शाखा बिल्यु बास रामपुरा 2. किश्तुरी पत्नी हरखाराम हि. 1/2 जाति जाट निवासी बिल्यु बास रामपुरा खातेदार 3. श्योकरण पुत्र सुरताराम हि. 1/4 जाति जाट निवासी बिल्यु बास रामपुरा खातेदार राह्नि हि.1/4 (पूर्ण खाता) बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रिय ग्रमीण बैंक शाखा बिल्यु बास रामपुरा | 11 | बा.प्रथम | 5.17 | 0.66 | 4.51 | 20 | 9 | 2 | 12 | 17 | 17 | |
| 29 | बिल्यु बास रामपुरा | 1. फुली पत्नी मघाराम हि. 1/2 जाती मेघवाल निवासी बिल्यु बास रामपुरा खातेदार 2. बाबूलाल पुत्र ओमप्रकाश हि. 1/6 जाती मेघवाल निवासी बिल्यु बास रामपुरा खातेदार 3. रविप्रकाश पुत्र ओमप्रकाश हि. 1/6 जाती मेघवाल निवासी बिल्यु बास रामपुरा खातेदार 4. संजू पत्नी ओमप्रकाश हि. 1/6 जाती मेघवाल निवासी बिल्यु बास रामपुरा खातेदार | 12 | बा.प्रथम | 6.79 | 1.55 | 5.24 | 26 | 17 | 6 | 3 | 20 | 14 | |
| 30 | बिल्यु बास रामपुरा | मनीराम पुत्र माणकराम हि. पूर्ण जाति नायक निवासी बिल्यु बास रामपुरा खातेदार राह्नि हि. (पूर्ण खाता) स्टैट बैंक आॅफ इण्डिया शाखा सरदारशहर | 706/2 | बा.प्रथम | 5.78 | 0.05 | 5.73 | 22 | 17 | 0 | 4 | 22 | 13 | |
| 31 | बिल्यु बास रामपुरा | मालाराम पुत्र माणकराम हि. पूर्ण जाति नायक निवासी बिल्यु बास रामपुरा खातेदार राह्नि हि. (पूर्ण खाता) स्टैट बैंक आॅफ इण्डिया शाखा सरदारशहर | 705/2 | बा.प्रथम | 5.78 | 0.34 | 5.44 | 22 | 17 | 1 | 7 | 21 | 10 | |
| 32 | बिल्यु बास रामपुरा | 1.चन्द्राराम पुत्र गोरखाराम हि. 158/1083 जाति मेघवाल निवासी बिल्यु बास रामपुरा खातेदार राह्नि हि.158/1083 (पूर्ण खाता) बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रिय ग्रमीण बैंक शाखा शिमला 2. दलीप कुमार पुत्र रेवन्ताराम हि.191/1083 जाति मेघवाल निवासी बिल्यु बास रामपुरा खातेदार राह्नि हि.191/1083 (पूर्ण खाता) एचडीएफसी बैंक लिमिटेड शाखा सरदारशहर 3. प्रभुराम पुत्र गोरखाराम हि. 158/1083 जाति मेघवाल निवासी बिल्यु बास रामपुरा खातेदार राह्नि हि.158/1083 (पूर्ण खाता) एचडीएफसी बैंक लिमिटेड शाखा सरदारशहर 4. सतवीर पु. मोहरसिंह हि. 64/361 जाति मेघवाल निवासी बिल्यु बास रामपुरा खातेदार 5. सरबती पत्नी मोटाराम हि. 226/1083 जाति मेघवाल निवासी बिल्यु बास रामपुरा खातेदार 6. सहीराम पुत्र गोरखाराम हि. 158/1083 जाति मेघवाल निवासी बिल्यु बास रामपुरा खातेदार राह्नि हि.158/1083 (पूर्ण खाता) स्टेट बैंक आॅफ इण्डिया शाखा सरदारशहर | 1 | बा.प्रथम | 10.83 | 2.27 | 8.56 | 42 | 16 | 8 | 19 | 33 | 17 | 1 मकान |
| 33 | बिल्यु बास रामपुरा | 1.आशाराम पुत्र सुरजाराम हि. 301/904 जाति मेघवाल निवासी बिल्यु बास रामपुरा खातेदार 2. कृष्णकमार पुत्र सुरजाराम हि. 301/904 जाति मेघवाल निवासी बिल्यु बास रामपुरा खातेदार 3. भंवरी पत्नी भंवरलाल हि .17/226 जाति मेघवाल निवासी बिल्यु बास रामपुरा खातेदार 4. रमेश पुत्र भंवरलाल हि .39/452 जाति मेघवाल निवासी बिल्यु बास रामपुरा खातेदार 5. राकेश पुत्र भंवरलाल हि .39/452 जाति मेघवाल निवासी बिल्यु बास रामपुरा खातेदार 6. हरिराम पुत्र भंवरलाल हि .39/452 जाति मेघवाल निवासी बिल्यु बास रामपुरा खातेदार | 14 | बा.प्रथम | 4.52 | 0.25 | 4.27 | 17 | 17 | 0 | 20 | 16 | 18 | |
| 34 | बिल्यु बास रामपुरा | कुरड़ाराम पु. पिथाराम हि. पूर्ण जाति नायक निवासी बिल्यु बास रामपुरा खातेदार राह्नि हि. (पूर्ण खाता) स्टैट बैंक आॅफ इण्डिया शाखा जीवीएम रोड़ सरदारशहर | 346 | बा.प्रथम | 5.4 | 0.01 | 5.39 | 21 | 7 | 0 | 1 | 21 | 6 | |
| | | **Total** | | | **203.024** | **42.83** | **160** | | | 169 | 9 | | | |

## ग्राम बिल्यु बास महियान

| | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम बिल्यु बास महियान | 1. अणचाई पुत्री हरखाराम 1/8 हि. जाति जाट निवासी बिल्यु बास रामपुरा खातेदार 2. किस्तुरी पत्नी हरखाराम 1/8 हि. जाति जाट निवासी बिल्यु बास रामपुरा खातेदार 3. गणेश पुत्र साहबराम 1/16 हि. जाति जाट निवासी बिल्यु बास रामपुरा खातेदार 4. चन्द्रावली पुत्री हरखाराम 1/8 हि. जाति जाट निवासी बिल्यु बास रामपुरा खातेदार 5. जीतराम पुत्र हरखाराम 1/8 हि. जाति जाट निवासी बिल्यु बास रामपुरा खातेदार 6. मेहरचन्द पुत्र हरखाराम 1/8 हि. जाति जाट निवासी बिल्यु बास रामपुरा खातेदार राह्नि हि. 1/8( पूर्ण खाता) काॅर्पोरेशन बैंक शाखा सरदारशहर 7. रूकमा पुत्री हरखाराम 1/8 हि. जाति जाट निवासी बिल्यु बास रामपुरा खातेदार 8. समोदरी पुत्री हरखाराम 1/8 हि. जाति जाट निवासी बिल्यु बास रामपुरा खातेदार 9. सरोज पत्नी साहबराम 1/16 हि. जाति जाट निवासी बिल्यु बास रामपुरा खातेदार | 330 | बा.द्वितीय | 8.75 | 1.01 | 7.74 | 34 | 12 | 3 | 20 | 30 | 12 | |
| 2 | ग्राम बिल्यु बास महियान | हेमराज पुत्र जेसराज हि. पूर्ण जाति जाट निवासी बिल्यु बास रामपुरा खातेदार | 372/323 | बा.प्रथम | 2.07 | 0.09 | 1.98 | 8 | 4 | 0 | 7 | 7 | 17 | 1 मकान |
| 3 | ग्राम बिल्यु बास महियान | वर्षा पत्नी राजपाल हि. पूर्ण जाती जाट निवासी बिल्यु बास रामपुरा खातेदार | 346/322 | बा.प्रथम | 0.13 | 0.13 | 0 | 0 | 10 | 0 | 10 | 0 | 0 | 1 मकान |
| 4 | ग्राम बिल्यु बास महियान | संतोष कंवर पत्नी अजीत सिंह हि. पूर्ण जाति राजपूत निवासी बिल्यु बास रामपुरा खातेदार | 427/406 | बा.प्रथम | 0.13 | 0.03 | 0.1 | 0 | 10 | 0 | 2 | 0 | 8 | |
| 5 | ग्राम बिल्यु बास महियान | नन्दराम पुत्र मामचंद हि. पूर्ण जाति जाट निवासी बिल्यु बास रामपुरा खातेदार | 428/406 | बा.प्रथम | 1.94 | 1.13 | 0.81 | 7 | 13 | 4 | 9 | 3 | 4 | 1 मकान |
| 6 | ग्राम बिल्यु बास महियान | गैर मुमकिन सड़क | 324 | गै.मु.सड़क | 1.26 | 0.29 | 0.97 | 4 | 20 | 1 | 3 | 3 | 17 | |
| 7 | ग्राम बिल्यु बास महियान | 1. फुलदास पुत्र रखदास हि. 1/2 जाति बैरागी निवासी बिल्यु बास रामपुरा खातेदार राह्नि हि. 1/2 (पूर्ण खाता) बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रिय ग्रमीण बैंक शाखा बिल्यु बास रामपुरा 2.हंसराज पुत्र रखदास हि. 1/2 जाति बैरागी निवासी बिल्यु बास रामपुरा खातेदार राह्नि हि. 1/2 (पूर्ण खाता) बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रिय ग्रमीण बैंक शाखा बिल्यु बास रामपुरा | 319 | बा.प्रथम | 4.36 | 0.76 | 3.6 | 17 | 5 | 3 | 0 | 14 | 5 | 1 कुण्ड , 1 टयूबवेल , 1 डिग्गी |
| | | | 315 | बा.प्रथम | 4.81 | 0.43 | 4.38 | 19 | 0 | 1 | 14 | 17 | 6 | |
| 8 | ग्राम बिल्यु बास महियान | श्रवणी पत्नी भंवरसिंह हि. पूर्ण जाति दरोगा निवासी बिल्यु खातेदार | 316 | बा.प्रथम | 3.73 | 0.74 | 2.99 | 14 | 15 | 2 | 19 | 11 | 16 | |
| 9 | ग्राम बिल्यु बास महियान | रास्ता | 318 | गै.मु.रास्ता | 0.47 | 0.07 | 0.4 | 1 | 17 | 0 | 6 | 1 | 12 | |
| | | | 312 | गै.मु.रास्ता | 0.37 | 0.05 | 0.32 | 1 | 9 | 0 | 4 | 1 | 5 | |
| 10 | ग्राम बिल्यु बास महियान | शायरकंवर पुत्री मेघ सिंह हि. पूर्ण जाति राजपूत निवासी बिल्यु बास महियान खातेदार | 265 | बा.द्वितीय | 10.42 | 2.1 | 8.32 | 41 | 4 | 8 | 6 | 32 | 18 | |
| 11 | ग्राम बिल्यु बास महियान | धमेन्द्र पुत्र रामुराम हि. पूर्ण जाति जाट निवासी बिल्यु बास महियान खातेदार | 264 | बा.प्रथम | 4.34 | 1.125 | 3.22 | 17 | 3 | 4 | 9 | 12 | 14 | |
| 12 | ग्राम बिल्यु बास महियान | रास्ता | 291 | गै.मु.रास्ता | 1.11 | 0.06 | 1.05 | 4 | 8 | 0 | 5 | 4 | 3 | |
| 13 | ग्राम बिल्यु बास महियान | 1.चावली पत्नी इमीलाल हि. 1/3 जाति जाट निवासी बिल्यु बास महियान खातेदार 2. भीयांराम पुत्र इमीलाल हि. 1/3 जाति जाट निवासी बिल्यु बास महियान खातेदार 3.महेन्द्र पुत्र इमीलाल हि. 1/3 जाति जाट निवासी बिल्यु बास महियान खातेदार | 306 | बा.प्रथम | 1.54 | 0.7 | 0.84 | 6 | 2 | 2 | 15 | 3 | 6 | |
| 14 | ग्राम बिल्यु बास महियान | हरजीराम पुत्र गोपालराम हि. पूर्ण जाती जाट निवासी बिल्यु बास महियान खातेदार राह्नि हि. ( पूर्ण खाता) काॅर्पोरेशन बैंक शाखा सरदारशहर ई.स. 462 | 307 | बा.प्रथम | 1.65 | 0.55 | 1.1 | 6 | 10 | 2 | 3 | 4 | 7 | |

पिछले पृष्ठ का शेष

| | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 15 | ग्राम बिल्यु बास महियान | 1.कृष्ण पुत्र नन्दराम हि. 1/2 जाती जाट बिल्यु बास महियान खातेदार 2.भगवानाराम पुत्र नन्दराम हि. 1/2 जाती जाट बिल्यु बास महियान खातेदार | 309 | बा.प्रथम | 4.88 | 1.54 | 3.34 | 19 | 6 | 6 | 2 | 13 | 4 | |
| | | Total | | | 51.96 | 10.805 | 41.16 | | | 42 | 14 | | | |
| | | Grand Total | | | | 108.4043 | | | | 428 | 12 | | | |

अधिशाषी अभियन्ता दसवां खंड इगानप तारानगर

अधीक्षण अभियन्ता साहवा लिफट व़त बीकानेर

भूमि अवाप्ति अधिकारी इन्दिरा गांधी नहर परियोजना बीकानेर

DIPR/C/4315/2024


# महिला सफाई कार्मिकों से मारपीट और दुर्व्यवहार करने का आरोप

- वीडियो बनाने से मना किया तो फोन तोड़ने व मंगलसूत्र छीनने का आरोप
- सफाई कार्मिकों ने विरोध प्रदर्शन कर आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग की

**सादुलपुर,** (निसं)। नगर पालिका महिला सफाई कर्मचारियों के साथ गुरूवार शाम को मारपीट करने जाती सूचक गालियां निकालने, मोबाइल फोन तोड़ने और मंगलसूत्र छीन कर ले जाने के मामले में सफाई कार्मिकों ने नगर पालिका कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन कर आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग की तथा कार्रवाई नहीं होने पर सफाई कार्य का बहिष्कार करने की भी चेतावनी दी।

घटना की सूचना मिलते ही अन्य सफाई कार्मिक तथा पार्षद ज्योति चांवरिया व जीतू चांवरिया आदि मौके पर पहुंचे तथा घटना को अंजाम देने वाले आरोपी के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। इस सम्बन्ध में जमादार ओर नगरपालिका कार्मिक सेठी वाल्मीकि ने बताया कि शहर के वार्ड नंबर 13 में हमेशा की तरह कर्मचारियों से सफाई कार्य करवा रहा था। वार्ड में महिला सफाई कर्मचारी माया पत्नी सेठी, ज्योति पत्नी जयशंकर, सुमन पत्नी रतन, ममता पत्नी कैलाश, उषा पत्नी विनोद, उषा पत्नी सुशील सफाई कार्य कर रहीं थीं, तभी वार्ड 13 निवासी संजय सांसी अपने घर से निकला और महिला सफाई कार्मिकों का अपने फोन से वीडियो बनाने लगा।

जिसका महिला सफाई कर्मियों ने विरोध करते हुए वीडियो बनाने से मना किया तो आरोपी नशे की हालत में गाली गलौच करने लगा। महिलाओं के विरोध करने पर महिलाओं से मारपीट करने लगा तथा सफाई कार्मिक ज्योति का फोन तोड दिया तथा माया का मंगलसूत्र तोड़कर वहां से भाग गया। महिला कार्मिकों ने शोर शराबा शुरू किया तो लोगों की भीड जमा हो गई। आरोप लगाया कि आरोपी ने सफाई महिला कार्मिक के साथ दुर्व्यवहार किया एक महिला के सिर पर गंभीर चोट भी लगी है। इस संबंध में जमादार सेठी ने थाना अधिकारी को लिखित शिकायत कर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करने की भी मांग की है।

# सरकारी जमीन पर बने हिस्ट्रीशीटर के होटल को ध्वस्त किया

- चूरू जिला पुलिस एक्शन मोड पर, जिले में की प्रथम करवाई
- हरियाणा सीमा पर स्थित रामपुरा गांव में पुलिस और प्रशासन की कार्रवाई

**सादुलपुर,** (निसं)। तहसील के रामपुरा गांव में पुलिस और प्रशासन ने एक हिस्ट्रीशीटर की ओर से सरकारी भूमि पर कब्जा कर बनाए गए एक होटल पर गुरूवार को जेसीबी का पंजा चलाकर होटल को ध्वस्त करने की कार्रवाई की है। जिला पुलिस अधीक्षक जय यादव के निर्देशन में चूरू जिले की यह पहली कार्रवाई है।

पुलिस ने प्रशासन के सहयोग से हमीरवास थाना अंतर्गत सरकारी भूमि पर कब्जा कर हमीरवास थाने के हिस्ट्रीशीटर दिनेश यादव की ओर से बनाए गए होटल पर जेसीबी चलाकर होटल को ध्वस्त किया गया। थाना अधिकारी मदनलाल बिश्नोई ने बताया कि हमीरवास पुलिस थाने का हिस्ट्रीशीटर दिनेश कुमार यादव तहसील के गांव रामपुरा में गोचर भूमि में अतिक्रमण कर अवैध रूप से होटल का निर्माण कर अपराधिक गतिविधियों को संचालित करने की कारवाई कर रहा था। उन्होंने बताया कि हिस्ट्रीशिटर दिनेश यादव के खिलाफ डकैती, लूट, चोरी, अवैध हथियार व मारपीट करने जैसे गंभीर प्रकृति के कुल 6 अपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। हिस्ट्रीशीटर दिनेश कुमार द्वारा अवैध रूप से निर्मित होटल में असामाजिक गतिविधियों चलने की शिकायत पूर्व में भी प्राप्त हुई थी, जिनके संबंध में आवश्यक कार्रवाई की गई थी, फिर भी हिस्ट्रीशीटर दिनेश कुमार पुलिस को चुनौती देते हुए चोरी छिपे ऐसी गतिविधियों को संचालित कर रहा था। उन्होंने बताया कि इस प्रकार की कार्रवाई द्वारा जिला पुलिस अधीक्षक चूरू का एक संदेश है अपराधियों में भय एवं आमजन में विश्वास। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई अब लगातार जारी रखेंगे। जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक किशोरी लाल, आईपीएस प्रशांत किरण के नेतृत्व में थाना अधिकारी मदनलाल बिश्नोइ तथा प्रशासन ने पुलिस दल के साथ होटल पर जेसीबी चलाई

## बारिश से निचले इलाकों में भरा पानी

**चिड़ावा,** (निसं)। शहर और आसपास के इलाकों में गुरुवार को जमकर बारिश हुई। सुबह 11 बजे से लगातार कभी तेज तो अभी मंद बारिश का दौर जारी है।

बारिश होने से जहां लोगों को उमस और गर्मी से राहत मिली है, वहीं शहर की गौशाला रोड, मंड्रेला रोड, देवी मंदिर, पुरानी बस्ती, सुथरा मोहल्ला, बागर, पिलानी रोड, खेतड़ी रोड सहित कई निचले इलाकों में जल भराव हो गया। जल भराव के कारण वाहन चालकों के साथ ही राहगीरों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इधर शहर का नगरपालिका प्रशासन ड्रेनेज सिस्टम को बारिश से पूर्व सुधार नहीं सका, जिसके कारण जगह जगह नालियां अवरुद्ध हो गई हैं और नालियों का पानी कचरे के साथ सड़कों पर आकर नगरपालिका को चिढ़ाता प्रतीत हो रहा है।

## महिला पर्यवेक्षकों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

**चूरू,** (कासं)। महिला पर्यवेक्षकों ने विभिन्न मांगों को लेकर गुरुवार को ज्योति वर्मा के नेतृत्व में जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि पिछले कुछ वर्षों से महिला पर्यवेक्षकों की कार्य की अधिकता के कारण कार्यक्षमता प्रभावित हो रही है।

महिला पर्यवेक्षकों से प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, इंदिरा गांधी मातृत्व वंदना योजना व उडान योजना के अतिरिक्त कार्य करवाए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के कर्मचारी गत वर्ष मार्च/2023 से हटा दिए गए हैं। जब 2017 में योजना शुरू हुई तब से जो काम बकाया था, वो अब हमसे करवाया जा रहा है। अत: ब्लॉक स्तर पर वापस कर्मचारी लगाए जाए। इंदिरा गांधी मातृत्व वंदना योजना का काम पीसीटीएस द्वारा ऑनलाइन होता है, जो कि चिकित्सा विभाग आसानी से कर सकता है। महिला पर्यवेक्षकों के पास ऐसी कोई डिग्री नहीं है, कि वे इस तरह के तकनीकी कार्य आसानी से कर सकें। अत: उक्त योजना का कार्य चिकित्सा विभाग से करवाया जाए। इस अवसर पर ज्ञापन देने वालों में गोमती, अनीता, चन्द्रप्रभा शर्मा, मंजूबाला शर्मा, गायत्री, वनलता, निर्मला शर्मा, सुमन देवी, सावित्री देवी, शीतल बत्रा, रूपा सोनी, सुलोचना, कंचन, प्रेम कुमारी, सुशीला, नीलम आदि महिला पर्यवेक्षक उपस्थित थीं।

# बदमाशों की धरपकड़ को लेकर अभियान चलाया

- पुलिस की 68 टीमों ने 265 जगह दबिश देकर 159 जनों को डिटेन किया

**झुंझुनूं,** (निसं)। झुंझुनूं पुलिस ने अपराधियों की धरपकड़ को लेकर एक दिवसीय विशेष अभियान में कार्रवाई करते हुए विभिन्न मामलों में लिप्त 159 जनों को डिटेन किया है। पुलिस ने अभियान के तहत 3 वांछित आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। एसपी राजर्षि राज वर्मा ने बताया कि आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय के उद्देश्य से पुलिस द्वारा एक दिवसीय अभियान के तहत कार्रवाई की गई है।

अभियान के तहत जिलेभर में पुलिस की 68 टीमों का गठन किया गया। इन टीमों ने जिले के 265 स्थान पर दबिश देते हुए विभिन्न मामलों में लिप्त 159 जनों को डिटेन किया है। पुलिस ने विभिन्न मामलों में वांछित तीन आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है। अभियान के तहत 124 जनों पर निरोधात्मक कार्रवाई की गई है। संपत्ति संबंधी विवादों को लेकर 163 व्यक्तियों को पाबंद किया गया है।

## रात्रि चौपाल स्थगित

**सीकर,** (निसं)। जिला कलेक्टर कमर उल जमान चौधरी ने आदेश जारी कर 5 जुलाई को ग्राम पंचायत माण्डेला बडा फतेहपुर में होने वाली रात्रि चौपाल एवं जनसुनवाई को अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है।

## 'डेंगू रोकथाम माह' 31 तक

**झुंझुनूं,** (निसं)। मौसमी बीमारियों और डेंगू रोकथाम को लेकर जिले में 'डेंगू रोकथाम अभियान' शुरू किया गया है। एक जुलाई से शुरू हुआ यह अभियान 31 जुलाई तक चलेगा। ताकि डेंगू फैलने से रोका जा सके।

सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने बताया कि राज्य स्तरीय निर्देशानुसार जिले में एक जुलाई से डेंगू रोकथाम माह मनाया जा रहा है। इस दौरान मानसून एवं प्री मानसून में फैलने वाले डेंगू को रोकथाम के लिए व्यापक गतिविधियां की जाएंगी। इसके लिए सामान्य जन को जागरूक करने के साथ ही बच्चों को स्कूलों में जागरूक किया जाएगा। इसके साथ ही अन्य विभागों के साथ समन्वय कर डेंगू रोकथाम के हर संभव प्रयास किए जाएंगे। विभाग लगातार एंटी लार्वा गतिविधि भी करवा रहा है।


**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए दिनांक 25.07.2024 को 15.00 बजे तक खुली ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। **(1) निविदा संख्या: 74, कार्य का नाम व स्थान:** सहायक मंडल इंजीनियर/ मुख्यालय, बीकानेर के अधीन वैगन बोगी खण्ड के वर्तमान में स्थित इन्फ्रास्ट्रक्चर को अपग्रेड करना तथा बीएलसी शेड में बीएलसी वैगन के पीओएच के लिए पिट लाईन का निर्माण करना। **अनुमानित लागत:** ₹ 12155181.92/- **धरोहर राशि:** ₹ 210800.00/- **(2) निविदा संख्या:** 75, **कार्य का नाम व स्थान:** सहायक मंडल इंजीनियर/ मुख्यालय, बीकानेर के अधीन लालगढ़ स्थित वैगन स्टोर डिपो में लोडिंग एवं अनलोडिंग सुविधायुक्त साईज 80 गुणा 20 मीटर के कवरशेड का प्रावधान करना। **अनुमानित लागत:** ₹ 14633029.88/- **धरोहर राशि:** ₹ 223200.00/- **(3) निविदा संख्या:** 76, **कार्य का नाम व स्थान:** सहायक मंडल इंजीनियर, रतनगढ़ के अधीन सादुलपुर-बीकानेर खण्ड पर टर्नआउट (70 सेट) की डीपस्क्रीनिंग करना तथा सादुलपुर-रतनगढ़ खण्ड पर टर्नआउट रिन्यूअल (15 सेट) करना। **अनुमानित लागत:** ₹ 15259842.18/- **धरोहर राशि:** ₹ 226300.00/- **नोट:** अन्य शर्तें रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है।

765-DK/24

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें


# बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चे सम्मानित

- गांव में निकाली प्रभातफेरी का ग्रामीणों ने किया स्वागत

**खेतड़ी,** (निसं)। खेतड़ी उपखंड के राजोता के राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल में गुरुवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।इस दौरान बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर गांव की पहचान बनाने वाले प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आदित्य गुर्जर थे, जबकि अध्यक्षता प्रधानाचार्य कल्पना ने की। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम अतिथियों ने शिक्षा की देवी मां सरस्वती के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रभू गुर्जर ने कहा कि समाज की प्रगति के लिए प्रत्येक व्यक्ति को शिक्षित होना बहुत जरूरी है। ऐसे में अन्य लोगों को भी शिक्षा के प्रति जागरूक कर आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करना चाहिए। समाज में इस तरह के कार्यक्रमों सेविद्यार्थियों को एकदूसरे की मदद करने की प्रेरणा मिलती है। आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों की सहायता करने के लिए जो भी उम्मीद की जाएगी उसे पूरा करने का प्रयास रहेगा। प्रधानाचार्य कल्पना ने बताया कि स्कूल के दस बच्चों ने बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर संस्थान का नाम रोशन किया है। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का माल्यार्पण कर सम्मान किया तथा गांव में प्रभात फेरी निकाली गई। इस मौके पर प्रभू गुर्जर राजोता, पूर्व सरपंच जगदीश सिंह, चंदा कुमारी, कृष्णा कुमारी, अनु, आशा आदि मौजूद रहे।

# सिलाई केंद्र का शुभारंभ

**झुंझुनूं,** (निसं)। महावीर इंटरनेशनल सनराइज एवं शिवम बेग हाउस के संयुक्त तत्वावधान में महावीर इंटरनेशनल के गोल्डन जुबली वर्ष 4 जुलाई के शुभ अवसर पर महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए निशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ महिला अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक संजय महला एवं अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्यामसुंदर जालान के सानिध्य में किया गया। सिलाई केंद्र पर 30 महिलाओं का रजिस्ट्रेशन किया गया है जिनको तीन माह प्रशिक्षण देकर सर्टिफिकेट दिया जाएगा। जो महिलाएं रोजगार करना चाहेंगे। उनको वहीं पर रोज़गार भी दिया जाएगा।


**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम यासमीन बानो पत्नी इमरान अली से बदलकर यासमीन बानो गनी पत्नी इमरान अली गनी रख लिया है अब भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना व पुकारा जावे एवं हमारे पुत्र मुन्तजीर पुत्र इमरान अली का नाम मुन्तजीर गनी पुत्र इमरान अली गनी व मोहम्मद असद पुत्र इमरान अली का नाम मोहम्मद असद गनी पुत्र इमरान अली गनी रख लिया है जो अन्य समस्त दस्तावेजों में दर्ज है। भविष्य में मुझे व मेरे पुत्रों को सही एवं नये नाम से जाना व पहचाना जावें। यासमीन बानों गनी पत्नी इमरान अली गनी, निवासी वार्ड संख्या 27 मोहल्ला बटवालान, तहसील व जिला झुंझुनूं (राजस्थान)।

**सर्वसाधारण सूचना**

**मेरे पति ऋषि लाल पुत्र हरी सिंह जाति जाट निवासी राजगढ तहसील राजगढ जिला चूरू के नाम से नगरपालिका राजगढ (चूरू) में पट्टा क्रमांक 766 दिनांक 05.04.2023 को जारी हुआ है। मेरे पति का स्वर्गवास हो गया है। उक्त पट्टा अब मैं मेरे नाम से जारी करवाना चाहती हूं। अगर कोई आपत्ति करेगा तो समस्त जिम्मेवारी मेरी होगी। दिनांक:- 04.07.2024**

**शपथग्रहिता/सूचनाकर्ता**
**मणी पत्नी ऋषि लाल जाति जाट**
**निवासी हाल राजगढ तह. राजगढ**
**जिला चूरू (राज.)**

**न्यायालय उपखण्ड अधिकारी महोदय राजगढ जिला चूरू**

वादपत्र संख्या 91 सन 2024

तारीख पेशी 03.07.2024

**मनीषा आदि बनाम राजस्थान सरकार**
**वादपत्र अन्तर्गत धारा 88 आर.टी. एक्ट**

वादीनी ने उपरोक्त अनुवानी वाद में वाद घोषणात्मक खिलाफ प्रतिवादी इस अमर कि कृषि भूमि खतौनी संख्या 9 खसरा संख्या 215/16 तादादी 02.0100 हैक्टेयर बारानी चतुर्थ कुल किता 1 कुल तादादी 2.0100 हैक्टेयर वाके रोही मौजा झुंगली तहसील राजगढ जिला चूरू में स्थित है जिनमें वादीगण बहिस्सा बराबर 1/2-1/2 हिस्सा कृषि भूमि के खातेदार काश्तकार है व राजस्व रिकार्ड में अंकन करवाने के अधिकारी है के लिए इस न्यायालय में अनुतोष चाहा है जिसमें किसी भी व्यक्ति को कोई आपति या उजर हो या जिस किसी का भी इसमें हित निहित हो तो वे स्वयं या अपने अधिवक्ता एजेन्ट के जरिये जिसे कि सम्यक रूप से इस बाबत समस्त तथ्यों की जानकारी हो या रखता हो तो अपना पक्ष रखने के लिए न्यायालय में नियत पेशी 11.07.2024 को समय 10.00 ए.एम. पर उपस्थित हो, अन्यथा अनुपस्थिति मानकर इस प्रार्थना पत्र का एक पक्षीय निपटारा कर दिया जावेगा।

नोटिस आज दिनांक 03.07.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मोहर अदालत

**उपखण्ड अधिकारी**
**राजगढ़ (चूरू)**

**कार्यालय नगर पालिका मण्डल, राजगढ (चूरू)**

Address-eonp.sdlp@yahoo.in, Phone:01559-222039

क्रमांक : न.पा.रा./2024-25/1166-1168 दिनांक : 04.07.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

नगरपालिका राजगढ़ (चूरू) द्वारा विभिन्न कार्यो के लिये उपयुक्त सक्षम श्रेणी के केन्द्र/राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में पजीकृत ठेकेदारों/फर्मस से दिनांक 08.07.2024 को दोपहर 12:00 बजे तक विक्रय की जाकर दिनांक 08.07.2024 को दोपहर 02:00 बजे तक प्राप्त की जाकर प्राप्त निविदायें दिनांक 08.07.2024 को दोपहर 04:00 बजे उपस्थिति ठेकेदारों के समक्ष खोली जावेगी। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण निम्न साईट www.sppp.raj.nic.in पर एवं कार्यालय समय में किसी दिवस को नगरपालिका राजगढ़ (चूरू) के कार्यालय में एवं सूचना बोर्ड पर देखी जा सकती है।

| S.No. | NIB No. | UBN No |
|---|---|---|
| 1. | DLB2425A0766 | DLB2425WSOB02417 |

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका राजगढ (चूरू)


## जल भराव की समस्या के निस्तारण के निर्देश

**चूरू,** (कासं)। नगरपरिषद सभापति पायल सैनी ने चूरू शहर में जल भराव समस्या को लेकर चूरू नगरपरिषद आयुक्त अभिलाषा सिंह को पत्र लिखकर समस्या का तत्काल निस्तारण के लिए निर्देश दिए हैं।

आयुक्त को लिखे पत्र में बताया गया है कि शहर के जौहरी सागर, सुभाष चौक, सैनिक बस्ती, टाऊन हॉल के पास, डाबला रोड आदि मुख्य स्थानों पर वर्षा के कारण हो रहे जल भराव की समस्या के निस्तारण एवं जल निकासी के संबंध में सभी पम्प स्टेशन, पीटीओ को क्रियाशील रखा जाए तथा अतिरिक्त टीम लगाते हुए जलभराव समस्या का यथाशीघ्र निस्तारण करें ताकि आमजन को आवागमन में परेशानी न हो। उन्होंने नगर परिषद आयुक्त को निर्देश दिए कि समय पर जल निकासी की जाए ताकि आमजन को किसी तरह की परेशानी न हो तथा आवागमन भी बाधित न हो। इसी प्रकार गाजसर गिनाणी पर भी सतत निगरानी रखी जाए ताकि अत्यधिक बारिश की स्थिति में गिनाणी टूटने की स्थिति से बचाया जा सके। सभापति पायल सैनी ने बताया कि उन्होंने खुद मौके पर जाकर प्रभावित स्थिति का जायजा लिया।

## गर्ल्स स्कूल में पौधारोपण किया

**बलवंतपुरा,** (निसं)। बलवंतपुरा स्थित डूंडलोद गर्ल्स स्कूल में मिशन 5 हजार के तहत गुरुवार को छात्राओं व स्टाफ सदस्यों द्वारा पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आरएसएस के प्रांत प्रचारक बाबूलाल थे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि आरएसएस के विभाग प्रचारक मुकेश, जिला प्रचारक अक्षय, श्री सीमेंट के वाइस प्रेसिडेंट कॉमर्शियल सुनिल गुप्ता, यूनिट हैड एचसी गुप्ता व एचआर हैड वीके मिश्रा थे। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बाबूलाल ने विद्यालय की छात्राओं को पौधारोपण करने की सही तकनीक व जल संरक्षण के बारे में जानकारी देते हुए पौधारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया।


**कार्यालय नगर पालिका पिलानी**

**जिला-झुंझुनूं (राज.) P.H.01596-242129**

**E-mail-pilani.jaipur@gmail.com**


क्रमांक-न.पा.पि./2024-25/773 दिनांक-03/07/2024

**आपत्ति-विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्न व्यक्ति उनके नाम के आगे अंकित पत्रावलिया पट्टा कृषि भूमि पट्टा/नामान्तरण/निर्माण स्वीकृति चाहने बाबत आवेदन पालिका में प्राप्त हुये है अतः जिस किसी को भी ऐतराज हो उक्त विज्ञप्ति प्रकाशित होने के 07 दिवस में मय सबूत प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद प्रस्तुत ऐतराज मान्य नहीं होंगे।

| क्र. सं. | आवेदक मय/पिता/पति का नाम | क्षेत्रफल | भूमि का प्रयोजन | क्षेत्र | खसरा नं. | चतुर्थ सीमा | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | उत्तर | दक्षिण | पूर्व | पश्चिम |
| 1 | महेन्द्र कुमार सैनी पुत्र श्री बृजलाल सैनी | 87.49 गज | उपविभाजन | मैन बाजार पिलानी | - | दुकान नं. 01 | दुकान नं. 03 | मुख्य बाजार रास्ता | किशन जी कटारिया |
| 2 | मानिक छिल्लर पुत्र श्री गजराज सिंह छिल्लर | 100.00 वर्ग गज | कृषि भूमि निमयन | वार्ड नं. 31 पिलानी | 899 | विजय चौधरी | लोहारू रोड | विजय चौधरी | आम रास्ता |
| 3 | कौशल्या देवी पत्नी श्री नरेन्द्र सिंह | 1734 वर्ग फीट | उपविभाजन | वार्ड नं. 26 पिलानी | - | शुभम इन्कलेव में यूनिट नं. 426 चतुर्थ माला क्रेता को स्वतो व अधिकारी सहित बिना नीचे व बिना उपर की छत विक्रय | | | |
| 4 | अनुराधा शर्मा पत्नी श्री नवीन शर्मा | 222.20 वर्ग गज | नामान्तरण | वार्ड नं 18 नया पिलानी | - | आम रास्ता व विश्म्भर दयाल | आत्माराम हलवाई, प्रहलाद | रतन प्रकाश | पितराम गौड |
| 5 | शुभम गुप्ता पुत्र श्री सुनील गुप्ता | 17.77 वर्ग गज | नामान्तरण | वार्ड नं 07 चाण्डक मार्ग पिलानी | - | दुकान 27 | दुकान नं. 29 | आम रास्ता | दुकान नं 33 |
| 6 | मनोहरलाल सोनी, सुरेन्द्र सोनी पुत्रगण वासुदेव सोनी | 50.00 वर्ग गज | निर्माण स्वीकृति | मैन बाजार पिलानी | - | सरावगी पार्टी | राजा बलदेवदास बिड़ला | मार्केट सडक | बजरंग लाल चांदकोठी |
| 7 | शांति देवी पत्नी श्री रामगोपाल | 273.77 वर्ग गज | मृत्यु उपरान्त नामान्तरण | वार्ड नं 11 साबू स्कूल के पास पिलानी | - | सुरेश व्यास | विमल शर्मा | साबू स्कूल | रास्ता |
| 8 | मुकेश कुमार पुत्र श्री तेजाराम | 147.22 वर्ग गज | कृषि भूमि नियमन | हिन्द पब्लिक स्कूल के पास पिलानी | 822 | आम रास्ता | आम रास्ता | किशनलाल नायक | लक्ष्मीनारायण |

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका पिलानी**



मुख्यमंत्री कार्यालय में केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से शिष्टाचार भेंट की।

# बंगाल के राज्यपाल के खिलाफ कथित यौन उत्पीड़न का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुँचा

## राजभवन की एक महिला कर्मचारी ने राज्यपाल सी वी आनंद बोस के खिलाफ कथित यौन उत्पीड़न के आरोप लगाये हैं

नई दिल्ली, 4 जुलाई (वार्ता)। पश्चिम बंगाल राजभवन की एक महिला कर्मचारी ने वहां के राज्यपाल सी वी आनंद बोस के खिलाफ कथित यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच के लिए उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। अपनी याचिका में महिला दावा किया कि राज्यपाल को दी गई संवैधानिक प्रतिरक्षा के कारण वह उपचारविहीन हो गई है। याचिकाकर्ता ने शीर्ष अदालत से गुहार लगाई है कि यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच करने के लिए वह पश्चिम बंगाल पुलिस को आवश्यक निर्देश दे। याचिका में संविधान के अनुच्छेद 361 के तहत संवैधानिक व्यक्ति को प्राप्त प्रतिरक्षा की सीमा तक दिशानिर्देश और योग्यता निर्धारित करने का भी अनुरोध किया गया है।

■ **अपनी याचिका में महिला ने दावा किया कि राज्यपाल को दी गई संवैधानिक प्रतिरक्षा के कारण वह असहाय हो गई है। याचिकाकर्ता ने शीर्ष अदालत से गुहार लगाई है कि, यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच करने के लिए वह बंगाल पुलिस को आवश्यक निर्देश दे।**

संविधान के अनुच्छेद 361 (2) में कहा गया है कि राष्ट्रपति या किसी राज्य के राज्यपाल के खिलाफ उनके कार्यकाल के दौरान किसी भी अदालत में कोई आपराधिक कार्यवाही न तो शुरू की जा सकती या जारी नहीं रखी जा सकती है।

याचिका में उक्त प्रावधान का हवाला देते हुए दलील दी गई है कि ऐसी शक्तियों को पूर्ण नहीं समझा जा सकता, जिससे राज्यपाल को ऐसे कार्य करने का अधिकार मिल जाए जो अवैध हों या जो संविधान के भाग तीन की बुनियाद पर प्रहार करते हैं।

याचिका के अनुसार, याचिकाकर्ता ने अपनी शिकायतों को उजागर करते हुए राजभवन को एक शिकायत भी लिखी थी, लेकिन संबंधित अधिकारियों द्वारा कथित निष्क्रियता बरतते हुए उसे अपमानित किया गया और मीडिया में उसका मजाक उड़ाया गया। उसे राजनीतिक हथियार बताया गया, जबकि उसके आत्मसम्मान की कोई सुरक्षा नहीं की गई।

याचिकाकर्ता ने यह भी तर्क दिया कि कोई भी व्यक्ति कानून से ऊपर नहीं और संवैधानिक छूट की आड़ में राज्यपाल को किसी भी तरह से अनुचित तरीके से कार्य करने और लैंगिक हिंसा करने की अनुमति नहीं है, जबकि देश के हर दूसरे नागरिक को ऐसा करने से प्रतिबंधित किया गया है।

शिकायतकर्ता महिला ने याचिका में कहा है कहा कि यह (विशेष अधिकार) सीधे तौर पर संविधान के तहत उसके साथ ही (याचिकाकर्ता) सहित प्रत्येक व्यक्ति को दिए गए मौलिक अधिकारों पर हमला करता है।

याचिका में कहा गया, इस मामले में पीड़िता (याचिकाकर्ता) को झूठा बनाना, जबकि यह सुनिश्चित करना कि आरोपी/माननीय राज्यपाल खुद बेदाग हैं। सत्ता का ऐसा अनियंत्रित प्रयोग एक गलत मिसाल कायम करेगा, जिससे यौन पीड़ितों को कोई राहत नहीं मिलेगी। यह संवैधानिक लक्ष्य का पूर्ण उल्लंघन होगा।

याचिकाकर्ता ने दो मई 2024 को संबोधित प्रभारी अधिकारी को एक लिखित शिकायत दी, जिसमें राज्यपाल पर बेहतर नौकरी देने के बहाने उसका यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाया गया।

# डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने मंत्री पद से इस्तीफा दिया

## इस्तीफे की घोषणा के साथ डॉ. किरोड़ी ने एक्स पर लिखा ''रघुकुल रीत सदा चली आई प्राण जाई पर वचन ना जाई''

जयपुर, 4 जुलाई। राजस्थान की भजनलाल सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने गुरुवार सरकार के सभी सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। राजस्थान में लोकसभा चुनाव 2024 के परिणामों के बाद से ही डॉ. किरोड़ी लाल के इस्तीफे की अटकलें चल रही थी। पूर्वी राजस्थान की सीटों पर हार की जिम्मेदारी लेते हुए किरोड़ी लाल मीणा ने इस्तीफा दिया है। मंत्री किरोड़ी लाल लोकसभा चुनाव परिणाम आने के साथ ही सरकारी सुविधाएं छोड़ दी थी।

बता दें कि किरोड़ी मीणा सोशल मीडिया सहित कई मंचों पर इस्तीफा देने के संकेत दे रहे थे। अब उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को मंत्री पद से त्यागपत्र भेज दिया। इस्तीफा देने के साथ ही डॉ. किरोड़ी ने सुबह 10:50 पर अपनी सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर एक रामचरितमानस चौपाई पोस्ट की ''रघुकुल रीति सदा चलि आई। प्राण जाई पर बचन न जाई।।''

इससे पहले भी वो इन्हीं पंक्तियों के जरिए अपने इस्तीफे के संकेत दे चुके थे। किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि मैंने 5 जून को अपना इस्तीफा मुख्यमंत्री को भेज दिया था। उसके बाद 25 जून को मैंने मुख्यमंत्री से मिलकर उन्हें अपना इस्तीफा सौपा था। लेकिन उन्होंने इस्तीफे को पूरी तरह से ठुकरा दिया। जिसके बाद मैंने उन्हें इस्तीफा मेल कर

■ **किरोड़ी ने बताया कि, उन्होंने 5 जून को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को इस्तीफा भेज दिया था और 25 जून को व्यक्तिशः मुलाकात कर इस्तीफा दिया, जिसे मुख्यमंत्री ने अस्वीकार कर दिया था**

■ **डॉ. किरोड़ी ने कहा कि, अपने क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी को नहीं जिता पाने पर मैंने इस्तीफा देने का प्रण लिया था। इसलिए मैं इस्तीफा दे रहा हूं। मुझे पार्टी संगठन एवं सरकार से कोई शिकायत नहीं है।**

■ **डॉ. किरोड़ी ने इस्तीफा मेल करने के बाद पुरी के पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती के प्राकट्योत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की और मंच से इस्तीफा देने की सार्वजनिक घोषणा की।**

दिया है और इसकी घोषणा आज कर दी है। उन्होंने कहा- ''मुझे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस्तीफा देने से मना किया था, लेकिन मैं मंत्री पद से इस्तीफा दे चुका हूं।''

मीणा ने कहा जैसा कि आप लोग जानते हो की अथक परिश्रम के बाद भी मैं अपने प्रभाव वाले क्षेत्र में पार्टी को जिता नहीं सका। मैंने चुनाव के दौरान घोषणा कर दी थी। उस घोषणा को मैंने पूरा किया है। उन्होंने कहा कि दिन रात मैंने जनता के लिए संघर्ष किया। ना दिन देखा ना रात। लेकिन जनता ने मेरी नहीं मानी। मुझे निराश किया। इसलिए मैंने अंतरात्मा की आवाज पर पद छोड़ दिया।

उन्होंने कहा मेरी मुख्यमंत्री से कोई शिकायत नहीं है ना ही कोई संगठन से शिकायत है। ना ही कोई अपेक्षा है और ना ही मुझे कोई पद चाहिए। ईमानदारी से कह रहा हूं, मैं अपनी पार्टी को नहीं जिता सका। मेरी यह असफलता हैं और उसी असफलता के कारण मैंने इस्तीफा दिया है। डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि जब मैं सरकार था। तब मैंने आर.ए.एस. भर्ती परीक्षा को स्थगित करने की मांग की थी। वह परीक्षा स्थगित कर दी गई। हॉर्टिकल्चर की जमीन कौड़ियों के भाव में अलवर में बेच दी थी। मैंने सरकार का ध्यान आकर्षण किया। तो वह बिक्री निरस्त हो गई। जल जीवन मिशन के घोटाले की सी.बी.आई. जांच की मांग मैने सरकार से की थी। सरकार ने सी.बी.आई. को जांच दे दी। सरकार में था तब भी जनता के मुद्दों को मजबूती से रखने का काम किया। आगे भी यह चलता रहेगा।

किरोडी लाल मीणा के भतीजे और दौसा की महुवा सीट से विधायक राजेंद्र मीणा ने भी जून में मीडिया से बातचीत में साफ तौर पर कहा था कि किरोडी जल्द अपने मंत्री पद से इस्तीफा देने वाले हैं।

इस्तीफा देने के बाद डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने गुरुवार को जयपुर में एक धार्मिक कार्यक्रम में शिरकत की और मंत्री पद से इस्तीफा देने की घोषणा की। इसी कार्यक्रम में मंच से अपने संबोधन में डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने आज के राजनीतिक हालात पर चिंता जाहिर की। डॉ. किरोड़ी गोवर्धन मठ पुरी पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती के प्राकट्ययोत्सव पर आयोजित राष्ट्रोत्कर्ष दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि रेल हादसे में कई लोगों की जान जाने पर उन्होंने नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए रेलमंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया था। ऐसी उच्च आदर्शों वाली राजनीति की आज आवश्यकता है।

# इस्तीफे का तात्कालिक कारण?

जयपुर, 4 जुलाई। डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने मंत्री पद से इस्तीफा देने की सार्वजनिक घोषणा गुरुवार को सुबह की लेकिन सरकार ने बुधवार रात को ही विधानसभा में जवाब देने के लिए दो मंत्रियों के बीच उनके विभागों का बंटवारा कर दिया।

जानकारी के अनुसार, डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने कृषि मंत्री के पद से 5 जून को ही मुख्यमंत्री को इस्तीफा भेज दिया था और 25 जून को उन्होंने खुद मिलकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को इस्तीफा सौंपा था।

हालांकि मुख्यमंत्री ने इस्तीफा स्वीकार नहीं किया था। लेकिन विधानसभा के बजट सत्र के दौरान उनके

■ **बताया जाता है कि, विधानसभा में डॉ. किरोड़ी के विभागों से संबंधित सवालों का जवाब देन के लिए राज्य सरकार ने उनके विभागों को दो मंत्रियों में बांट दिया था, इसलिए किरोड़ी ने आनन-फानन में इस्तीफे की अधिकृत घोषणा कर दी।**

विभागों से सम्बंधित सवालों के जवाब देने के लिए सरकार ने बुधवार रात दो अन्य मंत्रियों को विभागों की जिम्मेवारी सौंप दी तथा इसके आदेश भी जारी कर दिए थे।

सूत्रों का कहना है कि शायद इसी कारण से डॉ. किरोड़ी ने गुरुवार सुबह इस्तीफा मेल कर दिया और सोशल मीडिया पर भी इसकी जानकारी दे दी।

सरकारी सूचना के अनुसार आपदा प्रबंधन राज्य मंत्री ओटाराम देवासी ग्रामीण विकास विभाग, आपदा प्रबंधन, सहायता और नागरिक सुरक्षा विभाग के सवालों का जवाब देंगे और राज्य मंत्री के.के. विश्नोई कृषि विभाग, जन अभियोग निराकरण विभाग और उद्यान विभाग के सवालों का जवाब देने के लिए अधिकृत होंगे।

# कोटा में एक और छात्र ने आत्महत्या की

कोटा, 4 जुलाई (निसं)। देशभर से मेडिकल और इंजीनियरिंग एंट्रेंस की कोचिंग करने आने वाले स्टूडेंट्स के सुसाइड के मामले लगातार बढ़ते ही जा रहे हैं। गुरूवार को एक और कोचिंग छात्र ने आत्महत्या कर ली। मृतक संदीप बिहार के नालंदा का रहने वाला था और जे.ई.ई. की तैयारी कर रहा था। संदीप का भाई भी कोटा में रहकर नीट (यू.जी.) की तैयारी कर रहा है।

संदीप महावीर नगर थर्ड इलाके में एक मकान में बतौर पी.जी. रहता था। आत्महत्या की सूचना भी उसके सामने वाले रूम में रहने वाले छात्र ने मकान मालिक को दी थी। क्योंकि उसके कमरे की लाइट जल रही थी और वह फंदे से लटका हुआ नजर आया था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और उसके शव को फंदे से उतारकर अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। महावीर नगर थाना अधिकारी महेंद्र मारू का कहना है कि मृतक बिहार के नालंदा का निवासी है। वह बीते एक साल से कोटा में रहकर जे.ई.ई. की तैयारी कर रहा था। इसका भाई भी कोटा में रहकर ही नीट यू.जी. की तैयारी कर रहा है। दोनों भाई एक ही कोचिंग संस्थान में पढ़ते हैं लेकिन संस्थान की बिल्डिंग अलग-अलग है। इसलिए उसका भाई दादाबाड़ी में रहता है। वह भी सूचना मिलने पर संदीप के पीजी में पहुंच गया था।

यह इस वर्ष का ग्यारहवां सुसाइड केस है। सुसाइड की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन ने सभी हॉस्टल और पीजी में पंखों में एंटी सुसाइड रॉड (हैंगिंग डिवाइस) लगाने के निर्देश दिए हैं लेकिन अधिकांश पी.जी. में ऐसी रॉड नहीं है इस पी.जी. में भी नहीं है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे महावीर नगर थाने के सब इंस्पेक्टर कमल किशोर का कहना है कि करीब पांच साल पहले मृतक छात्र के माता-पिता की मृत्यु हो गई थी। दोनों भाइयों को उनके चाचा ही पढ़ा रहे थे और वह रेलवे में नौकरी करते हैं। उन्होंने मृत्यु की सूचना मिलने पर आने में

■ **मृतक छात्र संदीप, बिहार के नालंदा से यहां जे.ई.ई. की तैयारी करने आया था। अब तक कोटा में विद्यार्थियों द्वारा सुसाइड की 11 घटनाएं हो चुकी हैं।**

असमर्थता जताई। उन्होंने सहमति दी कि मृतक के भाई की उपस्थिति में ही उसका पोस्टमार्टम करवा दिया जाए। ऐसे में उसके शव को पोस्टमार्टम करवा कर उसके भाई को सौंप दिया गया। मकान मालिक ने बताया कि रात को करीब 9.30 बजे वह मैस से खाना खाकर आया था। इस दौरान उससे बात हुई थी। वह अपने कमरे में चला गया था। यह बात भी सामने आई है कि एक दिन पहले ही बुधवार को उसके चाचा ने उसके खाते में पैसे भी डलवाए थे। घटनाक्रम में सामने आया है कि छात्र देर रात 12 बजे तक पढ़ाई कर रहा था। मौके पर कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। इसलिए सुसाइड के कारणों का पता नहीं चल पा रहा है। यह भी पता चला है कि संदीप नियमित रुप से कोचिंग संस्थान भी नहीं जाता था और अक्सर छुट्टी करता था।

## आवंटित ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

में बिल्डर से 40 लाख रुपए में विक्रय पत्र के जरिए एक फ्लैट खरीदा। बिल्डर ने उसे चौपहिया वाहन की पार्किंग पीपी 601 आवंटित की। वह नियमित तौर पर पार्किंग की जगह का उपयोग करता रहा। लेकिन बिल्डर ने उसे आवंटित की गई कार पार्किंग की जगह में से कुछ जगह अन्य फ्लैट मालिक को बेच दी। परिवादी ने कहा कि उसने बिल्डर से अपनी पार्किंग से अन्य वाहन हटवाने का आग्रह किया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसलिए उसे विक्रय पत्र के अनुसार समान नाप व पैमाइश की जगह ही पार्किंग के लिए मुहैया कराई जाए।

## राहुल गांधी ने ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

समस्याएं सुनीं। ये मेहनती मजदूर हिंदुस्तान की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। इनके जीवन को सरल और भविष्य को सुरक्षित करना हमारी जिम्मेदारी है।

## केजरीवाल ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

वाई चंद्रचूड़ को लिखे लेटर में वकीलों ने कहा है कि केजरीवाल की जमानत अर्जी पर जज फैसला लेने में देरी कर रहे हैं।

## मुकेश ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

टर्न'' अनुग्रह किया है, सिवाय उन अवसरों के, जब मुकेश अंबानी उन्हें पीछे छोड़ दिया है। आगामी समय इस दृष्टि से रोचक रहेगा।

# हेमन्त सोरेन द्वारा पुनः मु.मंत्री...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

पद से हटा कर हेमन्त ने उनका अनादर किया है तथा वे सत्ता लोलुप व अवसरवादी हैं। इस तर्क के विरोध में इतना ही कहा जा सकता है कि ऐसे मामलों में भाजपा का स्वयं का रिकॉर्ड भी प्रशंसनीय नहीं है क्योंकि इसी तरह के एक केस में आदिवासी नेता सर्बानंद सोनवाल को असम के मुख्यमंत्री पद से हटाकर हमेन्त बिस्वा शर्मा के मुख्यमंत्री बनने का मार्ग प्रशस्त किया गया था।

रांची में सत्ता परिवर्तन के वास्तविक कारण राजनीतिक हैं। हालांकि, चम्पई एक सीनियर एवं सम्मानीय नेता हैं, किन्तु उन्हें आदिवासी वोटों के अलावा अन्यत्र समर्थन प्राप्त नहीं है। हेमन्त में वोटर्स में सिम्पैथी फैक्टर पैदा करने की क्षमता है और ओ.बी.सी., अनुसूचित व अन्य जातियों में भी उनकी भारी स्वीकार्यता है। हाल ही सम्पन्न लोकसभ चुनाव में चम्पई की सीमित राजनीतिक अपील का पता तब चला जब राज्य की कुल 13 लोकसभा सीटों में से इण्डिया गठबन्धन सिर्फ 5 ही जीत सका।

इंडिया ब्लॉक के द्वारा जीती गई सीटों में राजमहल, दुमका व सिंहभूम जे.एम.एम ने जीती थी तथा कुंती व लोहरदगा सीटें कांग्रेस ने जीती थी। दूसरी तरफ भाजपा ने सात सीटों पर विजय पाई थी जबकि एन.डी.ए. के सहयोगी दल ए.जे.एस.यू. एक सीट जीतने में कामयाब हुआ था। यदि लोकसभा के नतीजों में विस्तार होता है विधानसभा के नतीजों में रूपान्तरित होते हैं तो भाजपा का पलड़ा भारी नज़र आता है।

यदि संपूर्ण इंडिया गठबंधन को मौका मिला है तो हेमन्त सोरेन सर्वश्रेष्ठ स्थिति में हैं। यह भी महसूस किया गया कि यदि मुख्यमंत्री चम्पई के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन विजयश्री मिलती है तो चुनाव पश्चात् के परिदृश्य में उनको हटाना बहुत मुश्किल हो जाएगा। चूंकि अब हेमन्त ने इस दाव को अपने हाथ में ले लिया है इसलिए उन्हें बहुत सावधानी से चलने की आवश्यकता है और उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके इस नये कदम के तहत चम्पई को पूरा आदर व सम्मान दिया जाए। संभावना तो यह है कि चम्पई को पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया जाएगा, इसके साथ ही अटकलें यह भी हैं कि हेमन्त सोरेन की नवगठित सरकार में चम्पई को महत्वपूर्ण मंत्रालय से नवाजा जाएगा।

# प्र.मंत्री की आठ व नौ जून की रूस यात्रा...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

उद्देश्यों के अनुकूल भी है। वे पश्चिमी दुनिया के पसंदीदा उदार लोकतांत्रिक मॉडल में संघर्ष को लेकर एक वैकल्पिक सिस्टम प्रस्तुत करना चाहते हैं।

चीन के प्रभुत्व वाली किसी व्यवस्था के प्रतिरोध में पारम्परिक मतभेदों के अलावा बेलारूस को एस.सी.ओ. में शामिल किया जाना, शायद भारत के बर्दाश्त की हद थी। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने सम्मेलन में भाग लेने आए देशों से एक अनुरोध कर अपने कूटनीतिक इरादे जाहिर कर दिए थे। उन्होंने इन देशों का आव्हान किया था कि वे अमेरिका की अधिकृत व्यवस्था से परे अपने उद्देश्यों को लेकर स्वतंत्र रूप से आगे बढ़े और विकास के अधिकारों के लिए संघर्ष करें।

शी ने आज ही कहा कि एस.सी.ओ. के सदस्य देश अपनी सुरक्षा संरचना में ''बाहरी ताकतों'' के हस्तक्षेप के किसी भी प्रयास का प्रतिरोध करें। हालांकि, इसमें अन्तर्निहित विरोधाभास था इस फोरम में रूस की उपस्थिति का होना, जबकि रूस अपने पड़ोसी देश यूक्रेन पर बिना किसी कारण के आक्रमण कर चुका है। रूस के आक्रमण की पृष्ठभूमि में जब इस संगठन का पहला शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया था तब प्रधानमंत्री मोदी ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को स्पष्ट कर दिया था कि ''यह समय युद्ध का नहीं बल्कि मतभेदों और विवादों को वार्ता एवं बातचीत के जरिए हल करने का है। तब मोदी के इस मैसेज की यूक्रेन पर रूस के आक्रमण को लेकर पुतिन से पहली प्रत्यक्ष झड़प के रूप में प्रशंसा की गई थी। मोदी ने उसके तुरंत बाद अमेरिका का दौरा किया था, जहां वॉशिंगटन में उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया और उनके सम्मान में वाइट हाउस में राजकीय ''डिनर'' रखा गया। उन्हें अमेरिकी सीनेटर्स को संबोधित करने का सुअवसर भी प्रदान किया गया।

अब एक बार पुनः भारत को रूस के साथ रक्षात्मक भूमिका निभानी है। रूस के द्वारा यूक्रेन पर हमला करने के बाद अमेरिका व पश्चिमी देशों की ओर से उस पर लगाए गए प्रतिबंधों से त्रस्त है। इसके चलते रूस को पूर्ण रूप से अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय से अलग-थलग करने के प्रयास किए जा रहे थे।

परन्तु इस बार भारत ने पश्चिमी देशों के इस खेल में शरीक होने से मना कर दिया था। बल्कि भारत ने रूस से कम मूल्य पर तेल खरीदना जारी रखा जो भारत के हित में रहा था। इस तरीके से भारत रूस को मदद करने में प्रमुख भागीदार रहा।

भारत के हित भी रूस के साथ बंधे हुए हैं, क्योंकि वह भारत को मुख्य रूप से सेना के लिए अस्त्र-शस्त्र सिस्टम की आपूर्ति करता रहा है। यह इसलिए अति महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत हिमालय की सीमाओं पर चीन से शत्रुता का सामना कर रहा है। इसलिए भारत को विभिन्न कारणों के मुद्देनज़र बहुत ही मुश्किल व सूक्ष्म कूटनीतिक खेल अपने हितों की रक्षार्थ खेलना है।

भारत के प्रधानमंत्री इन सब परिस्थितियों के चलते एस.सी.ओ. की बैठक में भाग नहीं लेकर सीधे रूस की यात्रा पर जा रहे हैं।

# आदिवासियों का ''डी.एन.ए. टैस्ट'' करवाने के बयान पर मदन दिलावर के इस्तीफे की मांग पर अड़ा विपक्ष

## सदन में दिनभर भारी हंगामा करने के बाद विपक्ष ने दोपहर में सदन की कार्यवाही का बहिष्कार कर वॉक आउट किया

-विधानसभा संवाददाता-

जयपुर, 4 जुलाई। आदिवासियों को हिंदू बताने और उनका ''डी.एन.ए. टैस्ट'' करवाने के तथाकथित बयान पर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर गुरूवार को दिनभर विधानसभा में घिरते नजर आए। कांग्रेस और आदिवासी विधायकों ने दिनभर सदन में हंगामा करते हुए मदन दिलावर से माफी मंगवाने और उनका इस्तीफा दिलवाने की मांग रखी। इस मुद्दे पर सदन में हंगामा इतना बढ़ा कि, विपक्षी विधायक वैल में उतर आए और सत्ता पक्ष के साथ गुत्थमगुत्था होते-होते बचे। आनन-फानन में विधानसभा के मार्शलों ने मोर्चा संभाला और उन्हें एक-दूसरे से अलग किया। हालात बिगड़ते देख विधानसभाध्यक्ष डॉ. वासुदेव देवनानी को 2 बार में सदन की कार्यवाही 1 घंटे के लिए स्थगित करनी पड़ी। बाद में जब सदन पुनः जुटा तो स्पीकर ने दोनों पक्षों को संयम रखने की नसीहत दी और कहा कि, विधानसभा के इतिहास में आज सदन की कार्यवाही तार-तार होते बची है। हालांकि, कांग्रेसी विधायक अपनी ज़िद पर अड़े रहे और अध्यक्ष के वक्तव्य के बाद पूरा विपक्ष शेष कार्यवाही के लिए सदन से वॉकआउट कर गया। इसके बाद विपक्ष की गैरमौजूदगी में ही सदन में रीको और डेयरी के वार्षिक प्रतिवेदनों पर चर्चा की गई।

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने सदन में कहा कि, मदन दिलावर ने आदिवासियों पर बेहद निंदनीय टिप्पणी की है और अपने बयान पर माफी नहीं मांगी है, मुख्यमंत्री ने भी उनसे इस्तीफा भी नहीं लिया है, हमारी ये दो ही प्रमुख मांगें हैं।

इससे पहले अपने बयान को लेकर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि, ''आदिवासियों ने हमारी संस्कृति को बचाया है। आदिवासी समाज के बारे में कोई नकारात्मक चर्चा करना मेरे मन में कभी नहीं रहा। मैं यह जानता हूं कि अनादि काल से इस देश में आदिवासी रहता आया है और आदिवासी समाज का सब सम्मान करते हैं। मैंने बिरसा मुंडा जी का नाम भी सुना और पढ़ा है। बिरसा मुंडा भगवान के नाम से जाने जाते हैं, ऐसे समाज के बारे में मुझे लेकर जो कहा जा रहा है, वह कदापि सही नहीं है।''

दिलावर ने स्पष्ट किया कि मेरे से एक पत्रकार ने पूछा था कि ''सांसद राजकुमार रोत ने ऐसा कहा है कि आदिवासी हिंदू नहीं हैं, तो मेरा कहना था कि आदिवासी हिंदू हैं, हिंदू रहेंगे। आदिवासी समाज अनादिकाल से पृथ्वी पर रहता आया है, हम सब आदिवासी ही हैं। क्योंकि हम आदिकाल से यहां रहते आए हैं। मैं आदिवासी महापुरुषों को प्रणाम करता हूं, नमन करता हूं। जब पत्रकार ने दोबारा पूछा कि वो तो अपने आप को हिंदू नहीं मानते हैं तो मैंने कहा, ''वह प्रासंगिक है कि नहीं कि वंशावली दिखवा लेंगे।'' मंत्री के इस स्पष्टीकरण से विपक्ष संतुष्ट नहीं हुआ और मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर सभी विपक्षी सदस्य नारेबाजी करते हुए हाथों में तख्तियां लेकर वैल में आ गए। प्रदर्शन करते हुए दिलावर की ओर विपक्षी सदस्यों को बढ़ते हुए देख सत्तापक्ष के सदस्य और मंत्री भी वैल में आ गए।

■ **एक बार तो हालात इतने बिगड़े कि विपक्षी विधायक वैल में उतर आए और सत्ता पक्ष के साथ गुत्थमगुत्था होते-होते बचे। गनीमत रही कि, आनन-फानन में विधानसभा के मार्शलों ने मोर्चा संभाला और उन्हें एक-दूसरे से अलग किया।**

■ **स्पीकर डॉ. वासुदेव देवनानी को 2 बार सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। बाद में जब सदन पुनः जुटा तो स्पीकर ने दोनों पक्षों को संयम रखने की नसीहत दी और कहा कि, ''विधानसभा के इतिहास में आज सदन की कार्यवाही तार-तार होते बची है।''**

दोनों पक्ष आपस में भिड़ते, इससे पहले ही मार्शलों ने बीच में आकर स्थिति संभाल ली। इस बीच सदन की कार्रवाई आधा घंटे के लिए स्थगित कर दी गई।

इससे पहले प्रश्नकाल में विधानसभा में मंत्री मदन दिलावर दो बार सवालों का जवाब देने खड़े हुए तो दोनों ही बार विपक्ष ने उनका जवाब नहीं सुना और नारेबाजी शुरू कर दी। इस पर दिलावर ने हंगामे के बीच कहा, ''कांग्रेस के लोग आदिवासियों के दुश्मन हैं, ये हिंदुओं के दुश्मन है। ये हिंदुओं को हिंसक मानते हैं। ये आदिवासियों को हिंदू नहीं मानते हैं, हिंदुओं के दुश्मन हैं।''

गुरूवार को सदन में प्रश्नकाल के दौरान जब मंत्री मदन दिलावर ने सवालों के जवाब देने शुरू किए तो उसके साथ ही विपक्ष ने जमकर नारेबाजी शुरू कर दी। भारत आदिवासी पार्टी के तीनों विधायकों के साथ ही कांग्रेस के सभी विधायकों ने वैल में आकर मदन दिलावर के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। इस दौरान उन्होंने मंत्री दिलावर से उनके बयान पर माफी मांगने की मांग उठाई और इस्तीफा देने के लिए कहा। इसी बीच सत्ता पक्ष ने भी विपक्ष के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। ऐसे में प्रश्नकाल के दौरान कुछ ही सवालों के जवाब आ पाए। कई विधायकों की ओर से उठाए गए पूरक प्रश्नों के जवाब भी हंगामे की भेंट चढ़ गए।

ज्ञातव्य है कि मदन दिलावर के जिस कथित बयान पर हंगामा हो रहा है वह यह है कि ''आदिवासी हिंदू हैं या नहीं यह उनके पूर्वजों से पूछेंगे या वंशावली लिखने वालों से पूछेंगे वो कौन हैं। यदि हिंदू नहीं है तो उनका डी.एन.ए. टैस्ट करेंगे।''

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू (राज.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2009/28296 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665, जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600